# भोजपुर समाहरणालय, आरा

(खनन शाखा)

## भोजपुर जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना

भोजपुर जिलान्तर्गत विभिन्न स्त्रोतों से जप्त बालू जो जहाँ है, जैसे है के आधार पर नीलामी हेतु दिनांक–30.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, भोजपुर स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारणवश यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस को खुली नीलामी करायी जाएगी। इसके लिए सुयोग्य व्यक्ति/फर्म/कंपनी से मुहरबंद/सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

अतः सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नीलामी में भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति/फर्म/कंपनी निविदा दस्तावेज एवं निविदा प्रपत्र से संबंधित जानकारी भोजपुर जिले के वेबसाईट **https://bhojpur.nic.in/notice_category/tenders/** से प्राप्त कर सकते हैं। नीलामी में भाग लेने के लिए अग्रधन राशि एवं अन्य वांछित कागजात जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में जमा करने की अंतिम तिथि– 23.05.2025, समय संध्या 05:00 बजे तक है।

ह०/-
2-8/5/2025

समाहर्त्ता,

भोजपुर, आरा।

# भोजपुर समाहरणालय, आरा

## (खनन शाखा)

## भोजपुर जिलान्तर्गत जप्त बालू की नीलामी हेतु अल्पकालीन आम सूचना

भोजपुर जिलान्तर्गत विभिन्न श्रोतों से जप्त बालू **जो जहाँ है, जैसे है** के आधार पर नीलामी दिनांक – 30.05.2025 को पूर्वाह्न 11:00 बजे से समाहरणालय, भोजपुर स्थित सभागार में खुले डाक के माध्यम से निर्धारित शर्त्तों के अधीन किया जाएगा। अपरिहार्य कारणवश यदि निर्धारित तिथि को नीलामी नहीं होती है तो वैसी स्थिति में अगले कार्य दिवस को खुली नीलामी करायी जाएगी। इसके लिए सुयोग्य व्यक्ति/फर्म/कंपनी से मुहरबंद/सीलबंद लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है।

**भण्डारित जप्त बालू के स्थल एवं मात्रा की विवरणी**

| क्र० | अनुमंडल का नाम | अंचल | गाँव | Geo Coordinates | बालू की मात्रा (घनफीट में) | सुरक्षित जमा राशि (रू० में) | अग्रधन राशि (सुरक्षित जमा राशि का 50 प्रतिशत) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | आरा | बड़हरा | बबुरा | Latitude- 25.671182<br>Longitude- 84.783485<br>Latitude- 25.671143<br>Longitude- 84.783138<br>Latitude- 25.670974<br>Longitude- 84.783179<br>Latitude- 25.671062<br>Longitude- 84.783233 | 25372.344 | 4,29,808/- | 2,14,904/- |
| 2 | आरा | बड़हरा | बबुरा | Latitude- 25.670302<br>Longitude- 84.784427<br>Latitude- 25.670606<br>Longitude- 84.784737<br>Latitude- 25.670766<br>Longitude- 84.78477<br>Latitude- 25.670536<br>Longitude- 84.78451 | 32022.764 | 5,42,466/- | 2,71,233/- |
| 3 | आरा | कोईलवर | धण्डीहा | Latitude- 25.548765<br>Longitude- 84.769136<br>Latitude- 25.54876<br>Longitude- 84.769093<br>Latitude- 25.549341<br>Longitude- 84.769043<br>Latitude- 25.549337<br>Longitude- 84.76917 | 133737.834 | 22,65,519/- | 11,32,759/- |
| 4 | आरा | संदेश | संदेश | Latitude- 25.407459<br>Longitude- 84.74444<br>Latitude- 25.407676<br>Longitude- 84.74393<br>Latitude-25.407632<br>Longitude- 84.743991<br>Latitude- 25.407631<br>Longitude- 84.74402 | 171163.400 | 28,99,508/- | 14,49,754/- |
| 5 | आरा | सहार | पेऊरचक | Latitude- 25.269314<br>Longitude- 84.648725<br>Latitude- 25.26943<br>Longitude- 84.648793 | 52758.032 | 8,93,721/- | 4,46,861/- |

| | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Latitude- 25.269362<br>Longitude- 84.6488<br>Latitude- 25.269135<br>Longitude- 84.648717 | | | |
| 6 | आरा | सहार | बंशीडिहरी | Latitude- 25.268753<br>Longitude- 84.648175<br>Latitude- 25.270029<br>Longitude- 84.648758<br>Latitude- 25.270098<br>Longitude- 84.64909<br>Latitude- 25.270156<br>Longitude- 84.649096 | 968566.318 | 1,64,07,513/- | 82,03,757/- |
| 7 | आरा | सहार | खैरा | Latitude- 25.242879<br>Longitude- 84.598021<br>Latitude- 25.243028<br>Longitude- 84.599648<br>Latitude- 25.242844<br>Longitude- 84.599652<br>Latitude- 25.242843<br>Longitude- 84.599629 | 195919.462 | 33,18,876/- | 16,59,438/- |
| 8 | पीरो | तरारी | राजपुर | Latitude-25.19834679<br>Longitude-84.46182216 | 10000 | 1,69,400/- | 84,700/- |
| 9 | आरा | कोईलवर | बहियारा | Latitude-25.53007<br>Longitude-84.757306<br>Latitude-25.530065<br>Longitude-84.757437<br>Latitude-25.530026<br>Longitude-84.757423 | 450000 | 76,23,000/- | 38,11,500/- |

आम नीलामी निम्न शर्त्तों के अधीन की जाएगीः–

1. डाकवक्ता को निर्धारित अग्रधन राशि के साथ हीं अपना **पैनकार्ड, आधारकार्ड, जी०एस०टी० निबंधन की स्व–अभिप्रमाणित प्रति तथा खनन बकाया नहीं रहने संबंधी स्व–अभिप्रमाणित शपथपत्र** देना होगा।
2. डाक में भाग लेने वाले व्यक्ति/फर्म को **पुलिस अधीक्षक द्वारा निर्गत आचरण प्रमाण–पत्र देना होगा।**
3. डाक में भाग लेने वाले इच्छुक व्यक्ति/प्रतिष्ठान को डाक हेतु निर्धारित तिथि अर्थात दिनांक–23.05.2025 के अपराह्न 5 बजे तक सुरक्षित जमा राशि का **50 प्रतिशत राशि अग्रधन के रूप में Assistant Director, Mines & Geology, Bhojpur** के पदनाम से मान्यता प्राप्त बैंक द्वारा निर्गत आरा में भुगतेय बैंक ड्राफ्ट एवं अन्य वांछित कागजात (कंडिकानुसार) जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में जमा करना होगा।
4. **उच्चत्तम डाकवक्ता को जप्त बालू के सुरक्षित जमा राशि के विरूद्ध बोली गयी उच्चत्तम डाक राशि पर 2.05 % आयकर, 2 % District Mineral Foundation, Bhojpur जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में जमा करना होगा एवं नियमानुसार GST संबंधित कार्यालय में जमा करना होगा।**
5. **उच्चत्तम डाकवक्ता को डाक की तिथि से 07(सात) कार्यदिवस के अंदर नीलामी की संपूर्ण राशि (अग्रधन की राशि समायोजित करते हुए) एवं अन्य देय कर का भुगतान करना होगा। इसके पश्चात् ही कार्यादेश निर्गत किया जाएगा। कार्यादेश निर्गत होने के उपरान्त ही बालू का उठाव करना सुनिश्चित करेंगें।**
6. **उच्चत्तम डाकवक्ता को बालू की बिक्री हेतु यूजर आई0डी0/पासवर्ड निर्गत होने के तिथि से अधिकतम 15 अक्टूबर, 2025 तक** भंडारित स्थल से बालू हटा लेना होगा एवं संपूर्ण बालू उठाव होने तक की अवधि में जप्त बालू के सुरक्षा की जिम्मेवारी सफल (उच्चतम्) डाक वक्ता की होगी।
7. उच्चत्तम डाकवक्ता द्वारा निर्धारित समय सीमा के अंदर संपूर्ण राशि जमा करने में असफल रहने की स्थिति में उनके द्वारा जमा की गई अग्रधन की राशि को जप्त करते हुए पुनः नीलामी हेतु विज्ञापन प्रकाशित की जाएगी।
8. नीलामधारी को बालू के परिवहन हेतु वाहन के चालक को खनन विभाग द्वारा निर्गत प्रीपेड ई–चालान निर्गत करना होगा जिस पर बालू की मात्रा एवं खनिज मूल्य भी अंकित रहेगी।
9. उत्तोलित बालू के लिए विहित प्रपत्र में प्रत्येक माह के 15 तारीख तक विवरणी जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में दाखिल करना होगा एवं बालू प्रेषण के लिए नियमानुसार पंजी संधारित करनी होगी।
10. प्रेषण स्थल पर साईनबोर्ड लगाना होगा जिसमें भण्डारित स्थल की विवरणी, नीलामधारी का नाम एवं पता, कार्यादेश

की अवधि, स्थानीय प्रबंधक का नाम, पता एवं विक्रय मूल्य अंकित करना होगा।

11. नीलामधारी को बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भंडारण निवारण) नियमावली, 2019 यथा संशोधित के नियमों एवं शर्त्तों तथा पर्यावरणीय प्रावधानों का अनुपालन करना होगा।
12. श्रम कानूनों के प्रावधानों के अनुसार श्रमिकों की सुविधा के लिए विश्राम, शेड, पेयजल, आदि की व्यवस्था करनी होगी।
13. नीलामधारी को समाहर्ता द्वारा बालू प्रेषण के संचालन के संबंध में जनहित में दिये गये अन्य निदेशों का पालन करना होगा।
14. मार्ग से संबंधित कोई व्यावधान अथवा अन्यान्य कारण से बाधा उत्पन्न होने पर सरकार द्वारा कोई क्षतिपूर्त्ति देय नहीं होगा।
15. **डाकवक्ता भण्डारित जप्त बालू का आकलन डाक में भाग लेने से पूर्व स्वयं स्थल भ्रमण कर आश्वस्त हो लेंगे, बाद में किसी भी प्रकार का दावा एवं बालू की मात्रा में कमी से संबंधित कोई आपत्ति मान्य नहीं होगा।**
16. नीलामी से संबधित किसी भी प्रकार की आपत्ति अथवा **CLARIFICATION** के लिए जिला खनन कार्यालय, भोजपुर (मो0 नं0– 7870559067 एवं 7870126345) से संपर्क किया जा सकता है।
17. बिहार खनिज (समानुदान, अवैध खनन, परिवहन एवं भण्डारण निवारण) नियमावली, 2019 यथासंशोधित के शर्त्तों एवं बन्धेजों का अनुपालन नहीं करने पर बिना किसी पूर्व सूचना के किसी भी समय नीलामी को रद्द करने का संपूर्ण अधिकार समाहर्त्ता को सुरक्षित रहेगा।

- जप्त बालू की नीलामी हेतु निविदा प्रपत्र जिले के वेबसाईट– **https://bhojpur.nic.in/notice_category/tenders/** से प्राप्त कर सकते हैं।
- नीलामी में भाग लेने के लिए अग्रधन राशि एवं अन्य वांछित कागजात जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में जमा करने की **अंतिम तिथि– 23.05.2025 को अपराह्न 5:00 बजे** तक है।

ह0/- 2/5/2025

**समाहर्त्ता,**
**भोजपुर, आरा।**

# भोजपुर जिलान्तर्गत भण्डारित जप्त बालू के नीलामी का निविदा प्रपत्र।

भण्डारित जप्त बालू का निविदा में अंकित क्रमांक ..............................................................................................
एवं स्थल का नाम .......................................................................................................................................................

| | | |
|---|---|---|
| 1. | नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्ति / फर्म का नाम | |
| 2. | भाग लेने वाले व्यक्ति के पिता / पति का नाम (फर्म की स्थिति में फर्म का रजिस्ट्रेशन नंबर) | |
| 3. | स्थायी पता | |
| 4. | स्थानीय पता / वर्त्तमान पता | |
| 5. | सम्पर्क सूत्र (Contact No.) | |
| 6. | ई–मेल | |
| 7. | पैन कार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 8. | आधार कार्ड संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 9. | जी०एस०टी० निबंधन संख्या (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 10 | स्वामिस्व(ROYALTY) स्वच्छता प्रमाण / बकाया रहित शपथ पत्र संख्या / दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 11. | आचरण प्रमाण पत्र<br>पत्र संख्या / दिनांक (छायाप्रति संलग्न करें) | |
| 12 | संज्ञेय अपराध दर्ज नहीं होने संबंधी स्वयं शपथ पत्र की स्व–अभिप्रमाणित प्रति संलग्न करें | |
| 13. | निविदा हेतु चयनित जप्त बालू भण्डारित स्थल का विवरण :– | |
| 14. | अग्रधन के रूप में सुरक्षित जमा राशि का 50 प्रतिशत राशि का बैंक ड्राफ्ट संख्या तिथि एवं निर्गत करने वाले बैंक का नाम | |
| 15. | सुरक्षित जमा राशि (रूपये में) | |

नोट :– (क) पैन कार्ड, आधार कार्ड, जी०एस०टी० निबंधन से संबंधित साक्ष्यों की स्वअभिप्राणित प्रति संलग्न करें। (ख) खनन संबंधी बकाया रहित शपथ पत्र मूल में संलग्न करेंगे। (ग) निविदा आवेदन एवं संलग्न कागजात मुहरबंद / सीलबंद लिफाफे में जिला खनन कार्यालय, भोजपुर में जमा करेंगे। (घ) निविदादाता का नाम एवं पता तथा जप्त बालू का क्रम संख्या, अंचल / गाँव स्पष्ट रूप से मुहरबंद लिफाफा के उपर अंकित होना चाहिए।

मैं घोषणा करता हूँ कि उपरोक्त सभी बातें सत्य है तथा इसके लिए मैं उत्तरदायी हूँ।

निविदादाता का पूर्ण हस्ताक्षर

नाम :–

स्थान –

पदनाम :–

दिनांक –

मोबाईल नं०:–